एक नजर में

अदाणी ग्रीन एनर्जी का मुनाफा 747 करोड़ हुआ

नई दिल्ली: अदाणी ग्रीन एनर्जी का सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 747 करोड़ रुपये हो गया। बिजली आपूर्ति कारोबार से मजबूत राजस्व वृद्धि से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। अदाणी समूह की इस कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 644 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान उसकी कुल आय 39 प्रतिशत बढ़कर 4,520 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 3,249 करोड़ रुपये थी। (प्रेट्र)

इटर्नल का मुनाफा दोगुना होकर 125 करोड़ रुपये

नई दिल्ली: जोमैटो और ब्लिंकिट की मूल कंपनी इटर्नल का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग दोगुना होकर 125 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 65 करोड़ रुपये था। 2026-27 की दूसरी तिमाही में कंपनी का राजस्व बढ़कर 24,138 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 13,590 करोड़ रुपये था। इस दौरान कंपनी का कुल खर्च भी बढ़कर 24,166 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले यह 13,813 करोड़ रुपये था। (प्रेट्र)

गोयल 22-27 अक्टूबर तक जर्मनी व नीदरलैंड दौरे पर

बर्लिन: वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल करीब 100 उद्योगपतियों और कारोबारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ 22 से 27 अक्टूबर तक जर्मनी और नीदरलैंड की यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान भारत और इन दोनों यूरोपीय देशों के बीच व्यापार और निवेश बढ़ाने के उपायों पर चर्चा होगी। गोयल 22 से 24 अक्टूबर तक बर्लिन में रहेंगे। इस दौरान वह वैश्विक उद्योग जगत के प्रमुख लोगों के साथ बातचीत करेंगे। वह 24 से 27 अक्टूबर तक नीदरलैंड में रहेंगे। हेग में वह दोनों देशों की सरकारों के बीच व्यापक स्तर पर बातचीत का नेतृत्व करेंगे। भारतीय कारोबारी बर्लिन में अलग से कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। (प्रेट्र)

एआइ कंपनियों की लिस्टिंग से शेयर बाजार को लगेंगे पंख



गोल्डमैन सैक्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का तेजी से बढ़ता आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) इकोसिस्टम अगले दो से पांच सालों के दौरान देश के सूचीबद्ध बाजार पूंजीकरण में 50 अरब डालर से 100 डालर अरब डालर तक की वृद्धि कर सकता है। इसका बड़ा कारण यह है कि बड़ी संख्या में एआइ स्टार्टअप शेयर बाजार में कदम रखेंगे।

चार गुना अधिक वैल्यूएशन पर हो सकती है लिस्टिंग

रिपोर्ट के अनुसार, देश में लगभग 70 मिड-टू-लेट-स्टेज प्राइवेट एआइ कंपनियों में से 25 से 50 प्रतिशत कंपनियां इस दौरान अपना आइपीओ ला सकती हैं। इनकी लिस्टिंग मौजूदा अनुमानित मूल्यांकन से लगभग चार गुना अधिक वैल्यूएशन पर हो सकती है। मिड-टू-लेट-स्टेज प्राइवेट एआइ कंपनियों का सीधा मतलब उन एआइ कंपनियों से है जो अपने शुरुआती दौर (स्टार्टअप फेज़) को पार कर चुकी हैं और बाजार में अपनी जगह बनाने के साथ बड़े पैमाने पर बिजनेस को बढ़ा रही है। हालांकि, अभी तक ये कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध नहीं हुई हैं।

प्राइवेट इक्विटी फंडिंग बढ़कर तीन गुना हुई

2024 के बाद से भारतीय एआइ स्टार्टअप के लिए प्राइवेट इक्विटी फंडिंग तीन गुना हो गई है। साथ ही, कुल प्राइवेट इक्विटी निवेश में एआइ का हिस्सा चार गुना बढ़कर देश में निवेश की गई कुल प्राइवेट पूंजी का लगभग पांचवां हिस्सा हो गया है।



एआइ फंडिंग में भारत दुनिया के शीर्ष छह देशों में

भारत अब प्राइवेट एआइ फंडिंग के मामले में दुनिया के शीर्ष छह देशों में और नई फंडिंग पाने वाली एआइ कंपनियों के मामले में शीर्ष चार देशों में शामिल है। इसमें 84 प्राइवेट कंपनियों की पहचान 'प्राइवेट एआइ कंटेंडर्स' के रूप में की गई है, जिनकी कुल अनुमानित वैल्यू 55 अरब डालर है। 2025 के बाद से भारत में जुटाई गई कुल एआइ-संबंधित प्राइवेट पूंजी में इन कंपनियों का हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत है। ये कंपनियां पूरी एआइ वैल्यू चेन से जुड़ी हुई हैं।

एआइ कंपनियों की लिस्टिंग से भारत का लिस्टेड एआइ दायरा बढ़ेगा, जिससे एआइ वैल्यू चेन के कई ऐसे हिस्से भी शेयर बाजार में आ सकेंगे, जिनका प्रतिनिधित्व अभी तक कम रहा है।



टिमोथी मो, गोल्डमैन सैक्स में एशिया मैक्रो रिसर्च के सह-प्रमुख

चिप डिजाइन से जुड़ी कंपनियों को होगा लाभ

सबसे बड़ा अवसर 'अपस्ट्रीम एआइ इनेबलर्स' (एआइ को सक्षम बनाने वाले शुरुआती चरण के क्षेत्र) में है, जिनका मूल्यांकन लगभग 35 अरब डालर आंका गया है। इस सेगमेंट में बिजली उत्पादन और ट्रांसमिशन, सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन और डेटा प्रबंधन से जुड़ी कंपनियां हैं। भविष्य में होने वाली एआइ संबंधित कंपनियों की लिस्टिंग की कुल वैल्यू में इनका हिस्सा लगभग दो-तिहाई या 66 प्रतिशत होगा। *(इनपुट: आइएएनएस)*

जियो का आइपीओ 100 मिनट में पूरा सब्सक्राइब

30,213 करोड़ रुपये के सार्वजनिक निर्गम को 77,892 करोड़ की मांग मिली, इसमें एंकर आवंटन भी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : देश के सबसे बड़े आइपीओ ने बुधवार को बाजार खुलते ही नया इतिहास रच दिया। रिलायंस जियो प्लेटफार्म्स का 30,213 करोड़ रुपये का आइपीओ सुबह खुलने के महज 100 मिनट में पूरी तरह सब्सक्राइब हो गया। देर शाम तक यह इश्यू 3.16 गुना सब्सक्राइब हो चुका था। निवेशकों ने 62.36 करोड़ शेयरों के लिए लगभग 69,800 करोड़ रुपये की बोलियां लगाईं। अगर एंकर निवेशकों की प्रतिबद्धताओं (8,110 करोड़ रुपये) को मिला दें तो इस आइपीओ को कुल लगभग 77,892 करोड़ रुपये मिले हैं।

यह आइपीओ 23 अक्टूबर तक खुला रहेगा। इस आइपीओ में पूरी तरह से 27 करोड़ नए शेयर जारी किए जा रहे हैं। इश्यू का प्राइस बैंड 1,065 से 1,119 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआइबी-योग्य संस्थागत खरीदार) के लिए आरक्षित हिस्सा 9.42 गुना सब्सक्राइब हुआ और इसमें 4.90 करोड़ शेयरों के मुकाबले 46.15 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां आईं।

गैर संस्थागत निवेशकों ने 6.13 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां लगाईं और यह उनके लिए आवंटित हिस्से का 1.68 गुना है। खुदरा निवेशकों ने अपने लिए आरक्षित 8.50 करोड़ शेयरों के मुकाबले 6.18 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां लगाईं, जो 0.73 गुना सब्सक्रिप्शन के बराबर है। शेयर बाजार के इतिहास में किसी भी आइपीओ के पहले दिन खुदरा निवेशकों की तरफ से दी गई सबसे अच्छी प्रतिक्रिया है। कर्मचारियों के लिए आरक्षित हिस्सा 1.37 गुना सब्सक्राइब हुआ, जबकि शेयरधारकों के लिए आरक्षित हिस्से में आवंटित शेयरों के मुकाबले 1.46 गुना बोलियां आईं। जियो आइपीओ को लेकर निवेशकों का उत्साह पहले से ही स्पष्ट था। एंकर निवेशकों के लिए आरक्षित लगभग 8,110 करोड़ रुपये के हिस्से के मुकाबले 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बोली आई थी। इस श्रेणी में सबसे बड़ा आवंटन एलआइसी को मिला और उसे 500 करोड़ रुपये के शेयरों का आवंटन किया गया। एलआइसी के बाद सबसे ज्यादा आवंटन सिंगापुर सरकार को किया गया।

- क्यूआइबी के लिए आरक्षित हिस्सा 9.42 गुना और कर्मचारियों का हिस्सा 1.30 गुना सब्सक्राइब हुआ
- शेयर बाजार के इतिहास में किसी भी आइपीओ को पहले दिन खुदरा निवेशकों से मिली सबसे अच्छी प्रतिक्रिया



रिलायंस के मौजूदा शेयरधारकों के लिए अतिरिक्त अवसर बरकरार

आइपीओ पूरी तरह सब्सक्राइब होने के बावजूद रिलायंस इंडस्ट्रीज के मौजूदा शेयरधारकों के लिए एक अतिरिक्त अवसर बरकरार है। उनके लिए 2,500 करोड़ रुपये तक के शेयर आरक्षित हैं। ये निवेशक शेयरधारक श्रेणी के साथ-साथ खुदरा श्रेणी में भी आवेदन कर सकते हैं, जिससे उन्हें शेयर आवंटन का दोहरा मौका मिल सकता है। बाजार जानकारों का कहना है कि जियो की मजबूत ग्रोथ स्टोरी, डिजिटल और टेलीकॉम सेक्टर में इसकी लीडरशिप और रिलायंस समूह की विश्वसनीयता ने निवेशकों को आकर्षित किया है।

बड़े आइपीओ का पहले दिन क्या रहा था हाल

- हुंडई का 27,870 करोड़ का आइपीओ पूरी तरह आफर फार सेल था। इसके जरिये पैरेंट कंपनी को अपनी हिस्सेदारी का कुछ हिस्सा बेचने का मौका मिला। पहले दिन इसे आफर किए गए शेयरों के लिए 18 % बोलियां मिलीं और तीसरे दिन इसे फुल सब्सक्रिप्शन मिला।
- एनएसई का 22,569 करोड़ का आइपीओ भी आफर फार सेल था। इसको पहले दिन 42 प्रतिशत बोलियां मिलीं और दूसरे दिन यह पूरी तरह सब्सक्राइब हुआ। अंत में, यह इश्यू 5.7 गुना सब्सक्राइब हुआ।
- एलआइसी ने 2022 में 21 हजार करोड़ का आइपीओ लांच किया। यह सरकार की ओर से एक आफर फार सेल था। पहले दिन यह 67 प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ और दूसरे दिन पूरी तरह सब्सक्राइब हो गया। अंत में, यह पब्लिक इश्यू 2.95 गुना सब्सक्राइब हुआ।

53 पैसे मजबूत होकर छह सप्ताह के उच्चतम स्तर पर रुपया

मुंबई, प्रेट्र: बुधवार को डालर के मुकाबले रुपया 53 पैसे मजबूत होकर छह सप्ताह के उच्चस्तर 94.38 पर बंद हुआ। इससे पहले भारतीय मुद्रा चार सितंबर को 94.43 पर बंद हुई थी। जियो प्लेटफार्म्स के आइपीओ से जुड़े विदेशी निवेश और डालर की मांग को नियंत्रित करने के लिए आरबीआइ के हस्तक्षेप से रुपये को समर्थन मिला। कमजोर घरेलू बाजार और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण रुपये पर दबाव बना हुआ है। विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डालर के मुकाबले 94.78 पर खुला। दिन के कारोबार के दौरान यह डालर के मुकाबले 94.35 के उच्च स्तर और 94.82 के निचले स्तर तक गया। सोमवार को रुपये में दो पैसे की गिरावट को छोड़ दें तो पिछले कुछ दिनों से भारतीय मुद्रा में लगातार मजबूती देखी जा रही है।

देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की बढ़ोतरी सितंबर में 7.90% रही

नई दिल्ली, प्रेट्र: लौह अयस्क, बिजली और सीमेंट क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन से आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में सितंबर 2026 में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एक साल पहले इसी महीने में यह वृद्धि 3.1 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2026 में इन प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 5.9 प्रतिशत रही थी।

विभिन्न क्षेत्रों में लौह अयस्क के उत्पादन में 18.4 प्रतिशत, बिजली में 11.4 प्रतिशत, कोयले में 10.7 प्रतिशत और रिफाइनरी उत्पादों में 10.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सीमेंट उत्पादन पिछले साल की समान अवधि की तुलना में सितंबर में 9.8 प्रतिशत और इस्पात उत्पादन 4.9 प्रतिशत बढ़ा। मंत्रालय ने बयान में कहा कि सितंबर 2026 में उर्वरक, प्राकृतिक गैस और कच्चे तेल के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई। सितंबर में उर्वरक उत्पादन में 11.7 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि प्राकृतिक गैस के उत्पादन में 4.6 प्रतिशत और कच्चे तेल के उत्पादन में 1.4 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। आठ बुनियादी उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, स्टील, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। ये उद्योग देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के मुख्य हिस्से हैं। अप्रैल-सितंबर 2026 के दौरान बुनियादी उद्योगों के सूचकांक की कुल वृद्धि दर 5.1 प्रतिशत रही, जबकि पिछले साल की इसी अवधि में यह 2.5 प्रतिशत थी। वाणिज्य मंत्रालय ने यह भी बताया कि अगस्त 2026 के लिए अंतिम सूचकांक को संशोधित करके 119.2 से बढ़ाकर 120.4 कर दिया गया है। नतीजतन, अगस्त के लिए साल-दर-साल वृद्धि दर को भी 4.8 प्रतिशत के पिछले अनुमान से संशोधित करके 5.9 प्रतिशत कर दिया गया है।

उत्तर रेलवे

निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम के माध्यम से ई-निविदाएं (E-Tenders) आमंत्रित करते हैं

क्र. सं.	टेंडर नंबर	संक्षिप्त विवरण	अवधि	समापन तिथि
01	RC2-LP-EDH-JUDW 26 Dated: 21.10.2026	उत्तर रेलवे के अतिरिक्त मंडल चिकित्सालय, जगाधरी वर्कशॉप में रोजाना की जरूरतों के लिए दवाइयों, सर्जिकल सामान और इस्तेमाल होने वाली चीजों की लोकल खरीद यमुना नगर और जगाधरी म्युनिसिपल सीमा में मौजूद वेंडरों (जैसे फर्म, डिस्ट्रीब्यूटर, केमिस्ट की दुकानें, रिटेल दुकानें या अधिकृत स्टॉकिस्ट) के साथ रेट कॉन्ट्रैक्ट करके और उनके द्वारा दिए गए डिस्काउंट के आधार पर दो साल की अवधि के लिए की जाएगी।	02 Years	13.11.2026

नोट 1. वेंडर जानकारी के लिए IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं।
2. किसी भी मैनुअल ऑफर पर विचार नही किया जाएगा।

L.No. 43-Med/L.P.-RC/JUDW/2026 Dated: 21.10.2026 3653/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर्यावरण विभाग
चंडीगढ़ प्रशासन
पर्यावरण भवन (दूसरी मंजिल), सेक्टर 19-बी, मध्य मार्ग, चंडीगढ़-160019
ई-मेल: direnvchandigarh@gmail.com दूरभाष: 0172-2700065

रुचि की अभिव्यक्ति

पर्यावरण विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन, पात्र केंद्र सरकार, राज्य सरकार, और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन संस्थाओं से कार्बन फुटप्रिंट (जीएचजी उत्सर्जन) और यू.टी. चंडीगढ़ (सुखना वन्यजीव अभयारण्य सहित) के लिए कार्बन पृथक्करण मूल्यांकन पर एक व्यापक अध्ययन हेतु 'ई-निविदाकरण' के माध्यम से ऑनलाइन रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।

ईओआई दस्तावेज़ ऑनलाइन भागीदारी के लिए चंडीगढ़ की वेबसाइट http://etender.chd.nic.in पर उपलब्ध है। ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि और समय इसके प्रकाशन की तिथि से 21 दिन होगा। कोई भी ईमेल या भौतिक प्रस्तुति स्वीकार नहीं की जाएगी।

निदेशक पर्यावरण
चंडीगढ़ प्रशासन

भविष्य में महंगाई के हालात पर निर्भर करेगी रेपो रेट में वृद्धि की सीमा: मल्होत्रा

आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति का विवरण जारी, इस महीने की शुरुआत में 25 आधार अंक बढ़ाई गई थी नीतिगत दर



संजय मल्होत्रा का फाइल फोटो

नई दिल्ली, एएनआइ: आरबीआइ गवर्नर संजय मल्होत्रा ने संकेत दिया है कि निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की कोई गुंजाइश नहीं है। भविष्य में मौद्रिक नीति के तहत या तो ब्याज दरें बढ़ाई जा सकती हैं या उन्हें यथावत रखा जा सकता है। हालांकि, यह पूरी तरह से महंगाई और आर्थिक विकास की स्थितियों पर निर्भर करेगा।

बुधवार को आरबीआइ द्वारा जारी पांच से सात अक्टूबर के बीच हुई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के विवरण के अनुसार, मल्होत्रा ने कहा कि रेपो रेट में वृद्धि का दौर कब तक और किस हद तक चलेगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि महंगाई का दबाव कैसे आगे बढ़ता है। मल्होत्रा ने कहा, 'मुझे लगता है कि नीतिगत रुख को बदलकर सधी हुई सख्ती करना उचित है। इसका सीधा मतलब यह है कि निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की कोई संभावना नहीं है। आगे चलकर या तो ब्याज दरें बढ़ाई जा सकती हैं या उन्हें स्थिर रखा जा सकता है, जो कि बदलती परिस्थितियों और भविष्य के अनुमानों पर निर्भर करेगा।' यह बयान तब आया है जब एमपीसी ने इस महीने की शुरुआत में रेपो रेट को 25 आधार अंक बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया था और बढ़ती महंगाई के बीच अपने मौद्रिक नीति रुख को सधी हुई सख्ती में बदल दिया था। आरबीआइ गवर्नर ने इस बात पर जोर दिया कि महंगाई अब कई तरह की वस्तुओं और सेवाओं में फैल रही है, जिससे कीमतों के दबाव के लंबे समय तक बने रहने की चिंता बढ़ गई है। महंगाई को लेकर चिंताओं के बावजूद आरबीआइ ने आर्थिक गतिविधियों को लेकर सकारात्मक रुख बनाए रखा है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की वास्तविक वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि पहले यह अनुमान 6.7 प्रतिशत था। बैठक के ब्यौरे से यह भी पता चला है कि उचित नीतिगत रुख को लेकर एमपीसी सदस्यों के बीच मतभेद थे।

सस्ते सोने से ज्वैलरी बिक्री की उम्मीद बढ़ी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : सोने का आयात तो गिर रहा है, लेकिन दिवाली और उसके बाद शादी के मौके पर इसकी बिक्री बढ़ने की उम्मीद है। कच्चे तेल के बढ़ते दाम और फेडरेल रेट में बढ़ोतरी के आसार को देखते हुए विशेषज्ञ सोने में निवेश का सही समय बता रहे हैं। एक माह में 24 कैरेट सोने के भाव में 10,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट आई है। पश्चिम एशिया संकट से क्रूड के दाम 111 डालर प्रति बैरल के पास पहुंच चुके हैं और इसमें मजबूती आने पर सोने के भाव में और गिरावट आ सकती है। बुधवार को सोना 1,300 रुपये गिरकर 1,49,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सोने के आयात में पिछले साल की तुलना में 27 प्रतिशत की गिरावट आई है।

पीएचडी चेंबर से जुड़े कैपिटल मार्केट विशेषज्ञ बीके सभरवाल ने बताया कि सोने में खरीदारी का यह सही समय है। सराफा कारोबारियों ने बताया कि इस बार धनतेरस और उसके बाद शादी के दौरान ज्वैलरी की बिक्री भी पिछले साल की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक रहने का अनुमान है। हालांकि धनतेरस के मौके पर लोग अब सिक्के और बार की अधिक खरीदारी करते हैं और भाव में नरमी को देखते हुए इनकी बिक्री भी बढ़ेगी। उनका कहना है कि सोने के दाम 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम को पार कर गए थे और उसके बाद इसमें इतनी गिरावट आई है।



वाहनों के पंजीकरण में आई 6.50 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली, प्रेट्र: इस साल नवरात्र के दौरान वाहनों के पंजीकरण में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 6.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान यात्री वाहनों के सेगमेंट में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई। फेडरेशन आफ आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों के अनुसार, यह गिरावट पिछले साल की इसी अवधि के ऊंचे आधार को दर्शाती है। पिछले साल नवरात्र के पहले दिन ही जीएसटी दरों में कटौती लागू हुई थी और यह बिक्री बढ़ने का बड़ा कारण थी। इस साल नवरात्र (11 से 20 अक्टूबर) के दौरान कुल खुदरा वाहन बिक्री 11.23 लाख यूनिट रही, जबकि पिछले साल इसी अवधि (22 सितंबर से 2 अक्टूबर) में यह आंकड़ा 12.01 लाख यूनिट था।

पंजाब सरकार
नगर निगम लुधियाना

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (बी एंड आर-कार्य/सामान)
निआसू संख्या 603/एसई(टीआईसी), तिथि 19-10-2026

नगर निगम लुधियाना विभाग "एम.सी. लुधियाना के एचएमपी के लिए क्रशर रेत और पत्थर धातु की आपूर्ति" (दूसरी बार) के लिए ऑनलाइन डबल बोली आमंत्रित करता है, जैसा कि नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार है:
बंद होने की तिथि और समय: 02-11-2026 शाम 05:00 बजे तक
विवरण के लिए लॉग ऑन करें: eproc.punjab.gov.in
नोट: कार्यों का विवरण, अन्य नियम और शर्तें और निविदा दस्तावेज, निविदा सूचना में कोई भी शुद्धिपत्र/संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

अधीक्षण अभियंता (टीआईसी)
नगर निगम लुधियाना
Ro No. : 1692/12/2026-27/16346

PSPCL पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड

(पंजीकृत कार्यालयः पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, द मॉल, पटियाला -147001)
कॉर्पोरेट पहचान संख्या U40109PP20SGC033813
वेबसाइट www.pspcl.com
निविदा जांच संख्या 02/XEN/DS/BDL/2026-27

संक्षिप्त विवरणः अतिरिक्त एस.ई., डी.एस. मंडल, पी.एस.पी.सी.एल., बादल के कार्यालय के लिए एक मारुति अर्टिगा / महिंद्रा बोलेरो / जाइलो / टीयूवी 300 या समकक्ष वाहन किराए पर लेना।
निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि और समय 12/11/2026 और दोपहर 12:30 बजे
निविदा खोलने की तिथि और समय : 12/11/2026 और दोपहर 03:00 बजे
निविदा शुल्क : 1180/- रुपये (1000+जीएसटी@18%=1180/-)
निविदा विनिर्देश पी.एस.पी.सी.एल. की वेबसाइट http://www.pspcl.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं और इसकी हार्ड कॉपी कार्यालय द्वारा जारी की जाएगी।
नोटः यदि किसी कारणवश निविदा प्रक्रिया पूरी नहीं होती है, तो कोई शुद्धिपत्र समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। शुद्धिपत्र से संबंधित विवरण आधिकारिक पी.एस.पी.सी.एल. वेबसाइट www.pspcl.in पर देखे जा सकते हैं।
G1000/26 Ro No. : 1079/12/2026-27/16385

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक
(हरियाणा अधिनियम संख्या XXV, 1975 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय एनएएसी द्वारा मान्यता प्राप्त

अधिसूचना (विज्ञापन संख्या पीआर-11 ऑफ 2026)

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या पीआर-01, पीआर-05 और पीआर-08 ऑफ 2024 के माध्यम से विज्ञापित और बाद में विज्ञापन संख्या पीआर-01 और पीआर-02 ऑफ 2025 के माध्यम से पुनः विज्ञापित सहायक प्रोफेसर के सभी पद वापस ले लिए गए हैं।

उपरोक्त के मद्देनजर, जिन आवेदकों ने उपरोक्त पदों के लिए आवेदन किया था, वे इस अधिसूचना के जारी होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर कुलसचिव, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक को एक लिखित अनुरोध प्रस्तुत करके उनके द्वारा जमा किए गए आवेदन शुल्क की वापसी का दावा कर सकते हैं।

वापसी के अनुरोध में वापसी राशि के हस्तांतरण के उद्देश्य से निम्नलिखित विवरण/दस्तावेज शामिल होने चाहिए:
1. आवेदक का नाम और आवेदन संख्या।
2. आवेदन शुल्क के भुगतान का प्रमाण।
3. आवेदक के बैंक खाते का विवरण, जिसमें खाताधारक का नाम, खाता संख्या और आईएफएससी कोड तथा बैंक का नाम शामिल हो।

आवेदक यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तुत की गई जानकारी पूर्ण और सटीक है तथा बैंक खाते का विवरण आवेदक से संबंधित है। विश्वविद्यालय आवेदक द्वारा प्रस्तुत की गई गलत या अधूरी जानकारी के कारण वापसी की प्रक्रिया में किसी भी देरी या विफलता के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

निर्धारित अवधि के भीतर प्राप्त और आवश्यक विवरण/दस्तावेजों के साथ प्राप्त अनुरोधों पर विचार किया जाएगा। निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद प्राप्त या अधूरे पाए गए अनुरोधों पर वापसी के लिए विचार नहीं किया जा सकता है।

PRDH-1235/11/185/2027/50386/C/67/4 कुलसचिव

पंजाब एग्री एक्सपोर्ट कारपोरेशन लिमिटेड
PUNJAB AGRO
पंजाब राज्य सरकार का एक उपक्रम
प्लॉट नंबर 2ए, सेक्टर 28ए, मध्य मार्ग, चंडीगढ़ 160002
फोन-0172-5074210-15 और 5073140
ईमेलः khushdeepika.singh@punjab.gov.in | वेबसाइटः www.punjabagro.gov.in

नियुक्तियाँ

पंजाब एग्री एक्सपोर्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (PAGREXCO) गतिशील, परिणाम-उन्मुख और अनुभवी पेशेवरों से विशुद्ध रूप से संविदात्मक और प्रदर्शन-आधारित आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। एफएमसीजी, खाद्य प्रसंस्करण, अनाज प्रसंस्करण या संबद्ध उद्योगों में प्रासंगिक अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है:

Name of the Post	No. of Vacancy(s)	Location	Qualification & Experience
Plant Head	1	Sanghol, Punjab	B.E./B.Tech. in Food Technology / Food Processing / Food Engineering / Mechanical Engineering or equivalent relevant qualification. Minimum 5 years' relevant experience in food grain processing or manufacturing plant operations, preferably at supervisory or managerial level.
Head- Quality Technical, Operations & B2B	1	Chandigarh, with regular travel to plants across Punjab	Post Graduation in Food Technology / Food Engineering / Engineering / Management or a related field from a recognized University/Institution. Minimum 15 years of relevant experience, with preferably 5 years at the level of Plant Head / Senior Manager / equivalent in Operations, Technical, Production, Quality Assurance, Engineering, B2B or related functions.
Manager-Quality	2	Abohar and Hoshiarpur, Punjab	Post Graduate / Graduate Degree in Food Technology, Food Science preferably with specialization in fruit & Vegetable processing technology or a related discipline. Minimum 12 years relevant experience in quality assurance / Quality control. Hands on working experience in any NABL- accredited laboratory.
Manager-Production	1	Abohar, Punjab	M.Sc. / B.Tech. in Food Science & Technology or equivalent relevant qualification from reputed institution or university. Overall 12 years' relevant experience in production operations, with minimum 7-8 years' relevant experience in a suitable position in an aseptic processing line
Microbiologist	1	Abohar, Punjab	M.Sc/B.Sc. in Microbiology, Food Microbiology, Biotechnology or an equivalent relevant discipline from a recognized institution with 2-3 years of experience in a food-processing laboratory, quality control laboratory or microbiology laboratory shall be preferred.
Executive-Production	1	Abohar, Punjab	Degree/Diploma in Food Technology, Food Processing, Production, Mechanical or other relevant discipline from a recognized institution with 2-3 years of experience in production/operations in a food-processing industry.

पारिश्रमिक निगम के मानदंडों के अनुसार परक्राम्य होगा और उम्मीदवार की योग्यता और प्रासंगिक अनुभव के अनुरूप निर्धारित किया जाएगा। आवेदन/सीवी उपरोक्त पते पर 02.11.2026 को सुबह 11:00 बजे से पहले जमा किए जाने हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट पर जाएँ।

सीआईएन नंबरः U51909CH19975GC019321 R.NO.1005/12/2026-27/16380 प्रबंध निदेशक

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, वसूली विभाग - एससीओ 62-63, बैंक स्क्वायर, सेक्टर 17-बी, चंडीगढ़ - 160017

ई-नीलामी बिक्री सूचना

यहां स्कैन करें विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए

चल / अचल संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना
[परिशिष्ट- क नियम 6 (2) और 8 (6) के साथ चल / अचल के लिए]

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत चल / अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और 8(6) के परंतुक के साथ पठित.

एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/उधारकर्ताओं, बंधककर्ता/बंधककर्ताओं और जमानतदार/जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित चल / अचल संपत्ति/संपत्तियां जो प्रतिभूति लेनदार को गिरवी/बंधक/प्रभारित की गई हैं, जिनका कब्जा बैंक ऑफबड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी, प्रतिभूति लेनदार द्वारा ले लिया गया है, उन्हें नीचे उल्लिखित खाते/खातों में देय राशि की वसूली के लिए "जैसी है जहां है", "जैसा है वैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा. उधारकर्ता/उधारकर्ताओं / बंधककर्ता/बंधककर्ताओं / जमानतदार/जमानतदारों / प्रतिभूत आस्ति/आस्तियों / देय राशि / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तिथि और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है:-

क्रम सं.	शाखा का नाम और उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता का पता	चल / अचल संपत्ति/संपत्तियों का विवरण, यदि कोई ज्ञात भार हो	कुल देय राशि	ई-नीलामी की तिथि और समय	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (रचनात्मक / भौतिक)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय
1.	बी.ओः.- लाहौर चंडीगढ़ उधारकर्ता/उधारकर्ताओं: दिव्या सिंह परमार, एच. नं. 40, सेक्टर 41- ए, चंडीगढ़	कार-टाटा टियागो ईवी हैचबैक एक्सजेड; आरसी नं. DL01346394. बैंकनेट प्रॉपर्टी आईडीः IBAPI551221102026	₹ 7,78,000/- ब्याज और अन्य शुल्क सहित	28.11.2026 दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक	₹ 5,00,000/- ₹ 50,000/- ₹ 5,000/-	बैंक का भौतिक कब्जा	21.11.2026 से आगे सुबह 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक (केवल पूर्व नियुक्ति के साथ)
2.	बी.ओः.- नारायणगढ़ बंधककर्ता/बंधककर्ताओं / उधारकर्ता/उधारकर्ताओं: श्री धीरेंद्र कुमार सुपुत्र जय करण, मकान नं. 56, गांव बिबीपुर, शहजादपुर, नारायणगढ़ जिला अंबाला- 134203.	खेवट नं. 13 खतौनी नं. 14 खसरा नं. 39//10(6-9) का 17/387 हिस्सा, माप 05 मरला 06 सरसाही, गांव कल्लर पर हदबस्त नंबर 309, तहसील नारायणगढ़, जिला अंबाला में स्थित है और श्री धीरेंद्र कुमार सुपुत्र श्री जय करण के स्वामित्व और कब्जे में है. बैंकनेट प्रॉपर्टी आईडीः- IBAPI388113102026	₹ 8,23,000/- ब्याज और अन्य शुल्क सहित	28.11.2026 दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक	₹ 13,60,000/- ₹ 1,36,000/- ₹ 10,000/-	बैंक का भौतिक कब्जा	21.11.2026 से आगे सुबह 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक (केवल पूर्व नियुक्ति के साथ)

क्रम सं. 1 के लिए - संपर्क व्यक्ति का नाम और संपर्क नंबरः सुश्री भावना, शाखा प्रमुख, मोः 85588-32995
क्रम सं. 2 के लिए - संपर्क व्यक्ति का नाम और संपर्क नंबरः सुश्री रिद्धिमा, शाखा प्रमुख, मोः 83980-00920

ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 28.11.2026 शाम 04:00 बजे तक
ई-नीलामी शुरू होने की तिथि और समयः 28.11.2026 दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक
ईएमडी भुगतान का तरीकाः एनईएफ्टी / ई-भुगतान गेटवे

संभावित खरीदार ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आरक्षित मूल्य से एक अतिरिक्त वृद्धि के साथ अपनी बोली जमा करें. बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.in और ऑनलाइन नीलामी पोर्टल https://ibapi.in पर देखें/विजिट करें.
इसे सरफेसी अधिनियम 2002 के तहत वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना माना जा सकता है

तिथिः 21.10.2026 प्राधिकृत अधिकारी